भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **+159**
मंगलवार, 11 दिसम्बर, 2018/20 अग्रहायण, 1940 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के तहत थीम आधारित परिपथ

+159. **श्री प्रभात झाः**

क्या **पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के तहत विशिष्ट थीम आधारित परिपथों का विकास किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण परिपथ और आध्यात्मिक परिपथ भी शामिल हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या ग्रामीण परिपथ और आध्यात्मिक परिपथ के विकास कार्य की दिशा में अब तक की गई प्रगति अपेक्षा के अनुरूप है, और क्या नियत समय पर कार्य पूरा किए जाने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) **(श्री के.जे. अल्फोंस)**

(क) : पर्यटन मंत्रालय थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास- स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत देश में थीमैटिक पर्यटक परिपथों का विकास कर रहा है। इस योजना के अन्तर्गत विकास के लिए पन्द्रह थीमैटिक परिपथों नामतः पूर्वोत्तर परिपथ, बौद्ध परिपथ, हिमालयन परिपथ, तटीय परिपथ, कृष्ण परिपथ, मरुस्थल परिपथ, जनजातीय परिपथ, इको परिपथ, वन्यजीव परिपथ, ग्रामीण परिपथ, आध्यात्मिक परिपथ, रामायण परिपथ, विरासत परिपथ, सूफी परिपथ और तीर्थंकर परिपथ की पहचान की गई है।

(ख) : ग्रामीण और आध्यात्मिक परिपथों के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है। इन परिपथों के तहत परियोजनाओं को पूरा करने की समयसीमा 18 से 36 माह है। इन परिपथों के अन्तर्गत स्वीकृत सभी परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों पर हैं।

****

अनुबंध

स्वदेश दर्शन योजना के तहत थीम आधारित परिपथ के सम्बन्ध में दिनांक 11.12.2018 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. +159 के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण और आध्यात्मिक परिपथों के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:-

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परिपथ का नाम और वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1	ग्रामीण परिपथ (2017-18)	ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत बिहार में गांधी परिपथ: भितिहरवा- चन्द्रचहिया- तुरकौलिया का विकास	44.65
2	ग्रामीण परिपथ (2018-19)	केरल में ग्रामीण परिपथ: मलानाड, मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	80.37
3	आध्यात्मिक परिपथ (2016-17)	पाथानामथिट्टा जिला, केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में सबरीमाला-एरूमेलि-पम्पा-सन्नीधानम का विकास	99.99
4	आध्यात्मिक परिपथ (2016-17)	आध्यात्मिक परिपथ - श्रीगोविंदजी मंदिर- श्रीबिजय गोविंदजी मंदिर-श्रीगोपीनाथ मंदिर- श्रीबंगशीबोदन मंदिर- श्रीकैना मंदिर, मणिपुर का विकास	53.80
5	आध्यात्मिक परिपथ (2016-17)	केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में श्री पदमनाभ अरनामुला - सबरीमाला का विकास	92.44
6	आध्यात्मिक परिपथ (2016-17)	बिहार में आध्यात्मिक परिपथ के अंतर्गत कांवड़िया रूट, सुल्तानगंज-धर्मशाला - देवघर का एकीकृत विकास	52.35
7	आध्यात्मिक परिपथ (2016-17)	उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक परिपथ (शाहजहांपुर- बस्ती-अहर-अलीगढ़- कासगंज- सरोसी- प्रतापगढ़- उन्नाव- कौशाम्बी–मिर्जापुर- गोरखपुर- कैराना- डुमरियागंज- बागपत- बाराबंकी-आजमगढ़) का विकास	68.39
8	आध्यात्मिक परिपथ (2016-17)	उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक परिपथ -।। (बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी- बलिया-अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चन्दौली-मिश्रिख-भदोही) का विकास	63.77
9	आध्यात्मिक परिपथ (2016-17)	राजस्थान में आध्यात्मिक परिपथ -चुरू (सालासर बालाजी)-जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घटके बालाजी, बांधेके बालाजी) -अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरतहरि)-विराटनगर (बीजक, जैन्नासिया, अम्बिका मंदिर)-भरतपुर (कमान क्षेत्र)-धौलपुर (मुचकुंद)-मेहंदीपुर बालाजी-चित्तौड़गढ़ (साँवलियाजी) का विकास	93.90

10	आध्यात्मिक परिपथ (2017-18)	पुदुच्चेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास	40.68
11	आध्यात्मिक परिपथ (2017-18)	बिहार में मंदार पहाड़ी एवं अंग प्रदेश का विकास।	53.49
12	आध्यात्मिक परिपथ (2018-19)	महाराष्ट्र में वाकी- अडासा- धापेवाड़ा- पराडसिंहा- छोटा ताज बाग- तेलानखांडी- गिराड का विकास	54.01
13	आध्यात्मिक परिपथ (2018-19)	उत्तर प्रदेश में जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास	14.52

****